कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

कमांक / प्रशासन / भंडार / आविभो / 400 / 2026 भोपाल, दिनांक 08 / 10 / 2026

Document Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में एनसीसी एयर विंग, नेवल विंग, आर्मी विंग के 38–40–36 कैडेट्स हेतु एवं बैगपाईपर बैंड छात्र / छात्राओं हेतु 30–32 ब्लेजर इस प्रकार कुल 176 ब्लेजर साईज लगभग 34, 34, 36 में तैयार करवाए जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

2. उपरोक्तानुसार प्रस्तावित ब्लेजर सप्लायी कार्य हेतु मटेरियल क्वालिटी, कलर का समिति के निर्देशन में दिनांक 09 / 10 / 2026 से 16 / 10 / 2026 को निविदा फार्म प्राप्ति दौरान अवलोकन किया जा सकता है। उसी आधार पर निविदा दरें प्रदान करना होगी।

3. यह आमंत्रण ऐसे फर्म / व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास इस क्षेत्र में निम्नतम 02 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में भी प्रस्तावित कार्य पूर्ण किए जा रहे हों।

4. कोटेशनों में उल्लेखित दर उपरोक्तानुसार कार्य हेतु फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 02 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।

5. उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्य फर्मों / व्यक्तियों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 09 / 10 / 2026 से 16 / 10 / 2026 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक राशि रू. 500 / – प्रति फार्म शुल्क राशि से प्राप्त करना होगा।

6. उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्य हेतु फर्मों / व्यक्तियों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 16 / 10 / 2026 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं संबंधित फर्मों / व्यक्तियों की उपस्थिति में खोली जावेगी।

7 विद्यालय में उपरोक्त छात्रों की ब्लेजर क्लॉथ / मटेरियल क्वालिटी किसी प्रकार की त्रुटि होने पर भुगतान कार्यवाही नहीं की जावेगी।

8. उपरोक्तानुसार प्रस्तावित कार्य हेतु मटेरियल उच्च क्वालिटी का प्रयोग करना होगा।

9. उपरोक्त प्रस्तावित कार्य आदेशानुसार न होने, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर सप्लायी सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य प्राचार्य